Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **नगर निगम, कोटा दक्षिण का कम्प्यूटर ऑपरेटर (संविदाकर्मी) 9 हजार रूपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार**

जयपुर, *07 जनवरी।* ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी की कोटा देहात इकाई द्वारा आज शुक्रवार कार्यवाही करते हुये नरेन्द्र निर्भिक कम्प्यूटर ऑपरेटर (संविदाकर्मी) नगर निगर, कोटा दक्षिण, कोटा को परिवादी से 9 हजार रूपये की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री भगवान लाल सोनी ने बताया कि ए.सी.बी. की कोटा देहात इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसके आवासीय मकान का पट्टा जारी करवाने की एवज में नरेन्द्र निर्भिक कम्प्यूटर ऑपरेटर (संविदाकर्मी) नगर निगर, कोटा दक्षिण द्वारा 12 हजार रुपये की रिश्वत राशि मांगकर परेशान किया जा रहा है।

जिस पर एसीबी कोटा देहात की **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रेरणा शेखावत** द्वारा शिकायत का सत्यापन किया जाकर आज **पुलिस निरीक्षक श्री वासुदेव** एवं उनकी टीम के साथ ट्रेप कार्यवाही करते हुये नरेन्द्र निर्भिक पुत्र श्री स्वाधीन निर्भिक निवासी मकान नं0 14/07, पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, विज्ञान नगर, कोटा हाल कम्प्यूटर ऑपरेटर (संविदाकर्मी) नगर निगर, कोटा दक्षिण, कोटा को परिवादी से 9 **हजार रूपये की रिश्वत** राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है।

एसीबी के अतिरिक्त महानिदेशक श्री दिनेश एम.एन. के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।

एसीबी महानिदेशक, श्री भगवान लाल सोनी ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***टोल–फ्री हैल्पलाईन नं.*** **1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.*** **94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।** विदित रहे कि एसीबी राजस्थान राज्य में राज्य कर्मियों के साथ–साथ केन्द्र सरकार के कार्मिकों के विरूद्ध भी कार्यवाही करने को अधिकृत है।